
# SUPPORTING DOCUMENTS FOR 3.4.3 and 3.4.4

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

---

## Blood Donation Camp





"VOLUNTARY BLOOD DONATION WILL COST YOU NOTHING, BUT IT WILL SAVE A LIFE"

BLOOD BANK, SURYA TRAUMA CENTRE & HOSPITAL

AURAI, BHADOHI

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

APPRECIATION CERTIFICATE

Date 10 Aug 2022

We are pleased to appreciate the Noble Gesture of the prestigious Kashi Naresh Government PG College for rendring outstanding service in the voluntary Blood donation camp organized to celebrate Azadi Ka Amrit Mahotsav towards Surya Trauma Center Aurai, Bhadohi.

This unique and noble gesture of you, towards the humanity is commendable & we hope that you will continue to offer this generous act of mankind in the future.

DONATE BLOOD SAVE LIFE

Administrator
Surya Trauma Center & Hospital
Aurai, Bhadohi

DONATE BLOOD SAVE LIFE

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

## Voter Awareness Day



# K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

---

## Voter Awareness Ralley



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



# लोकतंत्र में मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण

## युवा मतदाता दिवस पर छात्र-छात्राओं, कैडेट्स और ट्रेनर को डीएम ने किया पुरस्कृत



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर केएनपीजी में मतदान का संकल्प लेते अधिकारीगण और बोलते डीएम राजेंद्र प्रसाद।

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। आज के युवा राष्ट्र की धरोहर हैं। जो अपने मताधिकार का प्रयोग कर पारदर्शी सरकार बनाने का सपना साकार कर समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उक्त बातें शुक्रवार को केएनपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता दिवस का दीप प्रज्वलित करते हुए कही। तत्पश्चात दिवस पर आयोजित निबंध, पोस्टर, रंगोली, भाषण प्रतियोगिताओं और एनसीसी कैडेट्स के उत्कृष्ट और सराहनीय कार्यों के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। मतदाता जितना जागरूक होगा, उतना ही लोकतंत्र मजबूत होगा। 1000 पुरुषों पर 950 महिला आबादी का अनुपात है। जबकि मतदाता रेसियो में 1000 पुरुष के मुकाबले 830 महिलाओं का नाम मतदाता सूची में है। ऐसे में चलाए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों पर पहुंचकर मतदाता बनने पर जोर दिया। छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र की है ये पहचान-शत-प्रतिशत हो मतदान, करें जो राष्ट्र का उत्थान, करें हम उसी को मतदान, युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो और करो मतदान... जैसे स्लोगनों से कार्यक्रम को गुंजायमान रखा। यहां भोजपुरी गायक राजेश परदेशी ने मतदान संबंधी गीत गाया। निर्वाचन कार्य में मतदाता जागरूकता पैदा करने वाले ट्रेनर राकेश कुमार सिंह को राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह, अपर जिलाधिकारी राम सिंह वर्मा, एसडीएम ज्ञानपुर अमृता सिंह, प्राचार्य पीएन डोंगरे, सहायक निर्वाचन अधिकारी लालजी यादव, कार्यक्रम संयोजक कमाल अहमद सिद्दीकी समेत शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

इसी तरह प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालय चितईपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाल लोगों को जागरूक कर मतदान करने, नए मतदाताओं को मतदाता बनने का संकल्प दिलाया गया। रैली में अरविंद पाल, लोकमणि, राजेश्वर, आनंद बिंद, सियाराम, माला, सुधा, अंजली, अनु सिंह, लालचंद, मंगला प्रसाद आदि रहे। इसी तरह जंगीगंज क्षेत्र के ओम उच्च शिक्षा संस्थान बिट्ठलपुर-छतमी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। वाद-विवाद, निबंध, रंगोली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया गया। डॉ. ललित कुमार पांडेय, प्राचार्य डॉ. राजीव कुमार ओझा ने अपने विचार रखते हुए युवाओं का मतदाता बन मतदान में भागीदारी निभाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर अमित तिवारी, पीसी मिश्र, विनीत पांडेय, सुनील पांडेय, डॉ. मंजू शुक्ला, डॉ. नीरज पांडेय, डॉ. सुनील चतुर्वेदी, राजन सिंह, डॉ. इंद्रजीत, रमेश यादव, शेषमणि, जेपी पांडेय, ओपी पाठक, ज्ञानचंद, शालिनी राय, सोनी दुबे, संजय पांडेय, देवेंद्र तिवारी, विनोद मिश्र, दशरथ लाल, लल्लन यादव आदि उपस्थित रहे। इसी तरह नेहरू युवा केंद्र की ओर से केएनपीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता के लिए मानव शृंखला बनाई गई। युवाओं ने आगामी चुनाव में जाति और संप्रदाय के भेदभाव को छोड़कर मतदान प्रक्रिया में मजबूती लाने पर बल दिया।

इस मौके पर उदयभान सिंह, नायब बिंद, सुरेश कुमार, विभम शुक्ला, अंजू राय, अफशाना, सरिता आदि का सहयोग रहा। इसी तरह प्राथमिक विद्यालय सराय राजपूतानी में भी मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को खंड शिक्षाधिकारी ज्ञानपुर केडी पांडेय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली में चल रहे बच्चों व शिक्षकों ने लोकतंत्र की मजबूती का संकल्प लिया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक आशीष सिंह, सिद्धार्थ यादव, सोबिया खान, संजय गौतम, कमलेश शर्मा, रमेश गुप्ता, नीलम आदि शामिल रहे।

### 18 वर्ष पूरा कर चुके युवाओं से मतदाता बनने का किया आह्वान

### 31 हजार नए मतदाता बने

ज्ञानपुर। सहायक निर्वाचन अधिकारी लालजी यादव ने बताया कि जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 11 लाख 53 हजार है। इस बार 31 हजार 441 नए मतदाता बने हैं। नए मतदाता में मतदाता पहचान पत्र उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। 25 हजार से अधिक मतदाताओं को पहचान पत्र दिया जा चुका है।



केएनपीजी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जूडो का प्रदर्शन करते छात्र-छात्राएं।। अमर उजाला

### मतदान होता है महादान

सुरियावां। नगर क्षेत्र स्थित घनश्याम दुबे महाविद्यालय की ओर से शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। युवा मतदाताओं को लोकतंत्र में निष्पक्ष मतदान के लिए नई पहल का संकल्प दिलाते हुए एकजुटता पर जोर दिया। डा.मनोज दुबे ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए युवाओं की भागीदारी अनिवार्य है। अन्य वक्ताओं में देवेंद्र जी ने कहा कि मतदान महादान होता है। पोस्टर,निबंध प्रतियोगिताओं के जरिए भी लोगों को जागरूक किया। रैली में जान्वी गुप्ता, रीजी, जूली, सुमन, अफजल, अजय,शकिल, रवि, अमन, गणेश, अन्नु, पूजा, मुस्कान, सुमन मौर्य, प्राचार्य डा.संजय पांडेय, डा. सूर्यप्रकाश,पंकज दुबे, संतोष दुबे, शिवशंकर, संदीप, रामभरोस, स्मृति, सोनी, ओमप्रकाश, दिलीप, प्रशांत, कृपाशंकर, कमलेश, जयशंकर, प्रमोद, संदीप, नीतू, झल्लू आदि मौजूद रहे।



केएनपीजी कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मतदान का संकल्प लेते एनसीसी कैडेट्स। अमर उजाला

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

---

## Awareness Programme on Environment conservation






**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

# पेंटिंग से दिया स्वच्छता का संदेश

**इंद्रावती इंटर कॉलेज में हुई पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन**

**अमर उजाला ब्यूरो**

**ज्ञानपुर।** क्षेत्र के गिरधरपुर स्थित इंद्रावती इंटर कॉलेज में मंगलवार को स्वच्छ भारत अभियान के तहत चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी पेंटिंग के माध्यम से लोगों को साफ-सफाई का महत्व समझाया और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विद्यालय में चित्रकला प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता से संबंधित विभिन्न प्रकार की पेंटिंग बनाकर लोगों को जागरूक किया। प्रदर्शन का उद्घाटन करते हुए केएन पीजी कॉलेज के चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. रोशन प्रसाद ने छात्र छात्राओं के प्रयास और उनकी कलात्मक प्रतिभा की सराहना की। कहा कि अच्छी पेंटिंग एक कुशल वक्ता की भूमिका निभाती है। पेंटिंग के जरिए सिर्फ स्वच्छता ही नही बल्कि समाज में फैली विभिन्न तरह की कुरीतियों को सामने लाया गया। इसमें सर्वेश कुमार, मोनिका यादव, ज्योति मिश्रा, पायल दूबे, नीतू गौड़, पूजा पाल, खशुबू यादव कि पेंटिंग सराहनीय रही। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक अभिषेक दूबे, प्रधानाचार्य भारत भूषण, महेंद्र कुमार, विनय मालवीय, संदीप, अरविंद आदि मौजूद रहे



इंद्रावती इंटरमीडिएट कॉलेज गिरधरपुर में चित्रकला प्रदर्शनी में पेंटिंग का अवलोकन करते केएनपीजी के चित्रकला विभागाध्यक्ष डॉ. रोशन लाल।

es
CESS
148538
.NET

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



वाराणसी | बुधवार, 12 सितंबर 2018 | 4


# जीवन के लिए जहर है प्लास्टिक

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। जिला विज्ञान क्लब की ओर से इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में मंगलवार को व्याख्यान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्लास्टिक से दूरी बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि केएन पीजी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी, डॉ रश्मि सिंह और डॉ. अजीत पाठक रहे। डॉ. कमाल अहमद ने छात्रों को बताया कि प्लास्टिक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गया है, उसे तत्काल दूर कर पाना संभव नही। धीरे-धीरे इसे अपने जीवन से बाहर करना होगा। मानव जीवन के लिए यह जहर के समान है। सह समन्वयक डॉ.



नेशनल इंटर कॉलेज भदोही में जिला विज्ञान क्लब की ओर से आयोजित निबंध, व्याख्यान, चित्रकला में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

## विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन की बारीकियां बताई

प्रबंधन पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने छात्रों को प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए जोर दिया। विनय

संचालन बीएल पाल ने किया। इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम, अभिषेक द्वितीय और सूरज तृतीय रहे। व्याख्यान में अभिषेक, आलोक और शिवकांत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। निबंध में आलोक मौर्य, आकाश

**जागरूकता** महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौधों को बचाने का संकल्प

# पेड़-पौधे हमें देते हैं आक्सीजन, करें संरक्षण

जासं, ज्ञानपुर (भदोही) : पर्यावरण संरक्षण को लेकर दैनिक जागरण द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण अभियान को लोग हाथों हाथ ले रहे हैं। चाहे छात्र व शिक्षक हों या फिर अन्य लोग, पौधरोपण के प्रति न सिर्फ रूचि दिखा रहे हैं बल्कि पौधों को रोपित कर उसके संरक्षण का संकल्प भी ले रहे हैं। इसके साथ ही अन्य लोगों को भी पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दे रहे हैं।

जागरण के अभियान से प्रेरित होकर काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के छात्र व शिक्षकों ने पौधरोपण किया तो रैली निकालकर प्रत्येक विद्यार्थियों व अन्य लोगों को पौधरोपण के लिए प्रेरित भी किया। सोमवार महाविद्यालय परिसर में जुटे छात्रों व प्राध्यापकों ने दर्जनों स्थानों पर



केएनपीजीकालेज में पौधरोपण जागरूकता रैलीनिकालते छात्र-छात्राएं • जागरण

**प्रत्येक छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि एक-एक पौध लगायेगें और साथ**

संतुलित करने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। पेड़ पौधों के अंधाधुंध कटान के चलते ही पर्यावरण असंतुलन का खतरा बढ़ रहा है। इस अवसर पर डा.

दैनिक जागरण
पौधे लगाएं वृक्ष बचाएं

### रैली निकालकर किया जागरूक

कानरा महाविद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं ने पौधों के साथ रैली निकालकर सभी विद्यार्थियों को पौधरोपण के लिए जागरूक भी किया। महाविद्यालय परिसर सहित विभागों में पहुंचकर लोगों को पौधरोपण व पेड़-पौधों के महत्व से परिचित कराया। इस दौरान वह स्वच्छ पर्यावरण के

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



चोरों के हाथ लगा है। (जासं) | है कि वे फरियादियों की छोटी-बड़ी शिकायतों प्रति लोगों में विश्वास की भावना बनी रहे। नहीं बल्की धरातल पर दिखावी दे

# प्राध्यापकों ने उठाया झाड़ू, चमकाया परिसर

**स्वच्छता ही सेवा**
दैनिक जागरण
मेरा भारत स्वच्छ
- कानरा महाविद्यालय में चलाया गया सफाई अभियान
- जैव विविधता वाटिका बनाने के रखा गया प्रस्ताव

**जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में प्राचार्य व प्राध्यापकों ने सहित छात्र-छात्राओं ने झाड़ू लगाकर परिसर को चमकाने का काम किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा गया कि वह खुद सफाई रखें तो औरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

सुबह दस बजे महाविद्यालय खुलते ही प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे के नेतृत्व में सभी प्राध्यापक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में विद्यार्थी श्रमदान कर परिसर की साफ-सफाई करने में जुट गए। प्राचार्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की ओर से स्वच्छता मिशन चलाया जा रहा है। यह मिशन तभी सफल होगा जब सभी लोग अपनी जिम्मेदारी समझेंगे। वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से जैव विविधता वाटिका बनाने का प्रस्ताव रखा गया। जिस पर सभी ने सहमति जताई। राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से गांधी जी के सिद्धांतों यथा शांति, स्वच्छता, अहिंसा आदि विषयों पर निबंध, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। निबंध प्रतियोगिता 20 सितंबर को पूर्वाह्न 10.45 बजे से होगी। सफाई अभियान में डा. कामिनी वर्मा, डा. सुमन गुप्ता, डा. कमाल अहमद सिद्दीकी सहित अन्य प्राध्यापक थे।

केएनपीजी कालेज में सफाई करते प्राचार्य व शिक्षक • जागरण



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

वाराणसी | बुधवार, 12 सितंबर 2018 | 4

# जीवन के लिए जहर है प्लास्टिक

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। जिला विज्ञान क्लब की ओर से इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज में मंगलवार को व्याख्यान गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्लास्टिक से दूरी बनाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि केएन पीजी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी, डॉ रश्मि सिंह और डॉ. अजीत पाठक रहे। डॉ. कमाल अहमद ने छात्रों को बताया कि प्लास्टिक हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग बन गया है, उसे तत्काल दूर कर पाना संभव नही। धीरे-धीरे इसे अपने जीवन से बाहर करना होगा। मानव जीवन के लिए यह जहर के समान है। सह समन्वयक डॉ. मानिक चंद पाल ने नॉन बायो डिग्रेडेबल वेस्ट के उचित



नेशनल इंटर कॉलेज भदोही में जिला विज्ञान क्लब की ओर से आयोजित निबंध, व्याख्यान, चित्रकला में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं।

## विद्यार्थियों को कचरा प्रबंधन की बारीकियां बताई

प्रबंधन पर प्रकाश डाला। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने छात्रों को प्लास्टिक के प्रयोग को रोकने के लिए जोर दिया। विनय शंकर पांडेय और रत्नेश पांडेय ने प्रबंधन के बारे में बताया। संचालन बीएल पाल ने किया। इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में स्वाति प्रथम, अभिषेक द्वितीय और सूरज तृतीय रहे। व्याख्यान में अभिषेक, आलोक और शिवकांत क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। निबंध में आलोक मौर्य, आकाश यादव और सुहानी त्विारी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे।

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com website: www.kngpgc.ac.in**




नारी शक्ति उन्नयन एवं जागरूकता कार्यक्रम

# K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:**kngpggyn@gmail.com **website: www.kngpgc.ac.in**



# दूसरे पर निर्भरता छोड़कर खुद को मजबूत बनाएं महिलाएं

## अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत आयोजित संवाद में बोलीं महिलाएं

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। नारी समाज नैसर्गिक रूप से सशक्त है। इसे शक्तिशाली बनाने की जरूरत नहीं है। इसे केवल जगाने भर की जरूरत है क्योंकि यह समाज अपनी ताकत को भूलकर सोया हुआ है। महिलाओं को सहारे की तलाश करने की प्रवृत्ति त्याग कर मजबूत बनने के लिए स्वयं आगे बढ़ना होगा। लोग क्या कहते हैं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। शुक्रवार को अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स अभियान के तहत आयोजित संवाद में यही निष्कर्ष छलक कर सामने आया।

जिला पंचायत सभागार में आयोजित संवाद कार्यक्रम में जिले की प्रथम नागरिक जिला पंचायत अध्यक्ष के अलावा अधिवक्ता, चिकित्सक, समाजसेवा और राजनीति से जुड़ी महिलाओं ने 'मौजूदा परिवेश में महिलाओं की स्थिति और उनके समक्ष चुनौतियां' विषय पर खुलकर अपने विचार साझा किए। केएनपीजी कॉलेज की पूर्व प्राचार्य डॉ. शुभ्रा श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं को खुद का सम्मान करना सीखना होगा। आत्मसम्मान का भाव बढ़ेगा तो पुरुष प्रधान समाज भी सम्मान देगा। कवियित्री ऋचा सिंह ने कहा कि महिला अगर वाणी, दृष्टि, चाल और सांसों पर नियंत्रण रखना सीख गई तो फिर दुनिया की कोई ताकत उसे झुका नहीं सकती। उन्होंने कहा कि महिला समाज में कई बार यह भाव देखने को मिलता है कि हम चाहते हैं कि वह अच्छा करे, लेकिन हम यह नहीं चाहते कि वह हमसे अच्छा करे। पूर्व प्रमुख सुनीता यादव ने कहा कि महिलाओं के पास वह क्षमता है कि वह घर और बाहर की दोनों जिम्मेदारियों को कुशलता से निभा पाती हैं। यह शक्ति उन्हें ईश्वर प्रदत्त है। महिलाओं को खुद भी अपनी क्षमता का आकलन करना चाहिए और विरोध के सामान्य झोंकों से टूटना नहीं चाहिए। समाजसेवा से जुड़ी स्नेहलता ने कहा कि नारी को अपना हक और अपनी शक्ति की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने एक गांव की महिला प्रधान के दूसरों की मजदूरी करने का उदाहरण दिया। कहा कि वह अपने पुराने पेशे से अलग नहीं हटना चाहतीं, प्रधानी कोई और कर रहा है। यह नहीं होना चाहिए। एडवोकेट स्नेहलता श्रीवास्तव ने कहा कि महिलाओं के लिए बनाए गए कानून का दुरुपयोग भी हो रहा है। एडवोकेट रागिनी तिवारी ने महिलाओं के ऊपर सामाजिक दबाव की चर्चा करते हुए कहा कि हम बेटियों को तो कहते हैं कि तुम दायरे में रहो, नजर झुकाकर चलो, लेकिन अपने बेटों को नहीं बताते कि तुम नारी का सम्मान करो, यह गलत है। छाया श्रीत दुबे ने महिलाओं उत्थान से जुड़ी कविता सुनाकर महिलाओं को जागरूक होने का संदेश दिया। अमर उजाला के प्रयास की सराहना करते हुए संकल्प लिया कि नारी उत्थान से जुड़ी गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाएगा।

### विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम बना रहीं महिलाओं ने कहा- समाज को जगाने की जरूरत

अपराजिता 100 MILLION SMILES

अमर उजाला के अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत संवाद कार्यक्रम को संबोधित करतीं कवयित्री ऋचा सिंह।

काजल यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष

कामिनी वर्मा, एसोसिएट प्रोफेसर केएनपीजी कॉलेज

सपना दुबे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष

संगीता खन्ना, समाजसेविका

डॉ. प्रिया सुमन, चिकित्सक

सरोज गुप्ता, प्रधानाचार्य हाईस्कूल

वंदना दुबे, समाजसेविका

सुषमा शुक्ला, अधिवक्ता

## जरूरतमंदों तक पहुंचे योजना का लाभ

ज्ञानपुर। मिशन ग्रामोदय में ग्राम स्वराज अभियान के तहत शुक्रवार को प्राथमिक विद्यालय बड़वापुर में आयोजित गोष्ठी में केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि जरूरतमंदों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचे। अधिकारी ईमानदारी से योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाएं। जिलाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी घर-घर पहुंचकर लोगों को लाभ देने का प्रयास कर रहे हैं। डीएम ने सबसे शौचालय का प्रयोग करने के लिए आग्रह किया। कहा कि खुले में शौच न जाने से कई बीमारियां समाप्त हो जाएंगी। स्कूली बच्चों की ओर से स्वच्छता पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान मनरेगा, पेंशन, उज्ज्वला योजना समेत कई अन्य योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान बीडीओ जयकेश त्रिपाठी और राकेश सिंह ने ईवीएम और वीवीपैट का प्रदर्शन कर आम जन को जागरूक किया गया। मौके पर ...

## प्रशासन ने हटवाया अवैध निर्माण

महराजगंज। औराई कोतवाली क्षेत्र के परानापुर गांव में शुक्रवार को तहसील प्रशासन और पुलिस महकमे की ओर से चकरोड से अवैध अतिक्रमण हटवाया गया। इसको लेकर गांव में गहमागहमी का माहौल रहा। ग्रामीणों ने कुछ माह पहले डीएम और एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर सार्वजनिक चकरोड से कब्जा हटाने की मांग की थी।

शुक्रवार को एसडीएम कविता मीणा, तहसीलदार गजानंद दुबे, सीओ औराई रामकरन, एसओ सुनील दत्त और महिला पुलिसकर्मियों संग गांव में पहुंचीं। चकरोड पर हुए अवैध निर्माण को जेसीबी से हटवाया। अतिक्रमण करने वालों ने आरोप लगाया कि उनकी बातों को एसडीएम और तहसीलदार ने नहीं सुना। डीएम के न्यायालय में मामला लंबित होने के बाद भी कार्रवाई की गई। प्रशासनिक कार्रवाई से गांव में अवैध तरीके से अतिक्रमण करने वाले परेशान हो गए हैं। ग्राम प्रधान ने प्रशासनिक अफसरों से मांग की कि जहां कहीं भी सरकारी जमीन पर कब्जा किया है, उसे हटवाया जाए। सिर्फ विशेष लोगों पर ही कार्रवाई न हो। ब्यूरो

## हेडमास्टर से क्षुब्ध एसएमसी अध्यक्ष का इस्तीफा

ज्ञानपुर। डीघ विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोधना के प्रधानाध्यापक वीरेंद्र दुबे के खिलाफ शिक्षक, एसएमसी अध्यक्ष और प्रधान ने मोर्चा खोल दिया है। उसके कार्यों से क्षुब्ध होकर एसएमसी अध्यक्ष चिंतामणि सरोज ने त्यागपत्र दे दिया। ...

## ...भिकर्ता ...पुलिस

...रियों से की शिकायत

पोस्टमास्टर ने दुर्व्यवहार किया। इसको लेकर विवाद शुरू हो गया। इस बीच डायल-100 के पुलिस कर्मी ...

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



# K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:**[kngpggyn@gmail.com](mailto:kngpggyn@gmail.com) **website: www.kngpgc.ac.in**


---












Bhadohi | Main

## 'महिलाएं अबला नहीं दुर्गा स्वरूपा हैं'

**अमर उजाला की तरफ से केएनपीजी कॉलेज में अपराजिता सजगता संगोष्ठी का आयोजन**

अमर उजाला की तरफ से आयोजित अपराजिता सजगता गोष्ठी में बोलतीं प्राचार्य शुभा श्रीवास्तव। अमर उजाला

अपराजिता कार्यक्रम में शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमर उजाला

अपराजिता 100 MILLION SMILES

अमर उजाला ब्यूरो

ज्ञानपुर। नारी अबला नहीं, दुर्गा स्वरूपा हैं। प्रेम की प्रतिमूर्ति नारी जरूरत पड़ने पर लक्ष्मीबाई भी बन जाती है। वह अपने अधिकारों के साथ दूसरों के अधिकारों की सुरक्षा और सम्मान की अहमियत भी जानती है। बेटियां बढ़ेंगी तो देश बढ़ेगा, इस सोच के साथ युवा पीढ़ी आगे बढ़े, तभी नारी गरिमा को बचाया जा सकेगा। यह बातें बुधवार को काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अमर उजाला की ओर आयोजित अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स सजगता गोष्ठी में महाविद्यालय की छात्राओं और प्राध्यापकों ने कहीं।

वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी ने छात्राओं और छात्रों को नारी सशक्तीकरण की प्रतिबद्धता की शपथ दिलाते हुए कहा कि नारी सजग है, उसे केवल प्रोत्साहित करने की जरूरत है। डॉ. शुभा श्रीवास्तव ने कहा कि देश और समाज के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है। समय के साथ आए बदलाव से महिलाएं स्वावलंबी बनने की राह पर चल पड़ी हैं। महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह से जागरूक हो चुकी हैं। डॉ. मनीषा यादव ने कहा कि अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना खुद में बड़ी ताकत का एहसास कराता है। महिलाएं हर स्थिति का डटकर मुकाबला कर रही हैं। डॉ. कल्पना वर्मा ने कहा कि महिलाएं परिस्थिति के अनुसार दया और दंड के विधान को अपनाकर नारी सशक्तीकरण को नई दिशा देने का काम कर रही हैं।

डॉ. कामिनी वर्मा, डॉ. हेमंत निराला और डॉ. किरन शर्मा ने भी नारी सशक्तीकरण पर विचार व्यक्त किए। छात्रा सोनम उपाध्याय ने कहा कि नारी अबला नहीं हैं।

वह महारानी लक्ष्मीबाई की स्वरूप है। नारी सक्षम हो चुकी है, जिससे वह हर क्षेत्र में बराबरी भूमिका निभा रही है। उपा... जायसवाल ने कहा कि महिल... आदिशक्ति हैं।

वह दो घरों को रोशन करने वा... ऐसी चिराग हैं, जिनसे पूरा सम... रोशन होता है। महिलाओं को उन... अधिकार मिले, इसके लिए पु... समाज को भी आगे आना हो... उन्हें अपने घर की बेटियों... शिक्षित बनाने के साथ ही अ... संस्कार दें। वह बेटे और बेटी... बीच का भेद भूलकर समानता... व्यवहार करें।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रा... चंद्र यादव, डॉ. प्रभात कुमार... और डॉ. घनश्याम मिश्रा ने ... प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम ... संचालन डॉ. कामिनी वर्मा ने कि...

महिला जागरूकता एवं पुलिस सुरक्षा

# चुप्पी तोड़ें, चिल्लाकर उठाएं विरोध की आवाज

## अपराजिता पुलिस की पाठशाला में एसपी ने दिए सुरक्षा के टिप्स




केएनपीजी कॉलेज में आयोजित अपराजिता पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह। अमर उजाला

**अपराजिता**
**100 MILLION SMILES**

**अमर उजाला ब्यूरो**

**ज्ञानपुर।** छेड़छाड़ हो तो पलटकर जवाब दें और किसी भी तरह के उत्पीड़न के खिलाफ चिल्लाकर विरोध जताएं। चुप रहकर सहने से अपराध करने वाले का मनोबल बढ़ता है। यह बातें भदोही जिले के पुलिस अधीक्षक रामबदन सिंह ने बृहस्पतिवार को अमर उजाला की ओर से केएनपीजी कॉलेज में आयोजित पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में कही। इस मौके पर 250 दात्राएं मौजूद रहीं।

पुलिस कप्तान ने कहा कि किसी भी तरह का शोषण या छेड़छाड़ की हल्की सी भी आशंका दिखे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। उन्होंने हेल्पलाइन 1090, 1098, 100 और 181 के बारे में जानकारी दी। कहा कि बच्चों के साथ अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। इनमें ज्यादातर परिचित या घर-परिवार के लोग ही संलिप्त रहते हैं। इससे बचने के लिए बचों को जागरूक करें। उन्हें गुड टच और बैड टच के अंतर के बारे में समझाएं और अगर ऐसा हो जाए तो चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना दें। हेल्पलाइन नंबर 1090 के बारे में बताया कि महिलाओं, छात्राओं के साथ होने वाले अपराध की शिकायत की जा सकती है। कहा कि डायल-100 हेल्पलाइन का दायरा बेहद विस्तृत है। इस पर कोई भी शिकायत किसी भी भाषा में की जा सकती है। उस शिकायत को संबंधित विभाग को तत्काल ट्रांसफर कर मदद दी जाती है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि भरसक समूह में चलने का प्रयास करें। कभी कोई विषम स्थिति आ जाए तो जोर से चिल्लाकर विरोध करें। इससे कोई न कोई आपकी मदद में आगे आ सकता है।

प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। संचालन डॉ. कामिनी वर्मा ने किया। इस मौके पर डॉ. रामकिशोर त्रिपाठी, डॉ. रवींद्र कुमार, डॉ. मनोज कुमार सहित छात्र-छात्राएं और प्राध्यापक मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं के सवाल और एसपी के जवाब


खुशी मिश्रा।


रिंकी चौरसिया।


विनोद कुमार।


श्रेया यादव।

**ज्ञानपुर।** छात्र-छात्राओं में पुलिसिंग से जुड़ी जिज्ञासा को शांत करने की होड़ मच गई। छात्र भरत तिवारी ने डायल-100 के बारे में पूछा तो पुलिस कप्तान ने कहा कि जिस मोबाइल से बता हुई है तो पुलिस टीम लोकेशन जानने के लिए उसी से बातचीत करेगी। ऐसे में सूचना देने वाले का वहां रहना जरूरी है। बीए प्रथम वर्ष के छात्र हरिओम पांडेय ने कहा कि लड़कियों की ओर से लड़के के साथ छेड़खानी करने के बारे में प्रश्न पूछा। बीए प्रथम वर्ष की छात्रा खुशी मिश्रा ने कॉलेज परिसर में छेड़खानी करने के बारे में पूछे गए सवाल पर जवाब मिला कि कॉलेज प्रबंधन एक ड्रॉप बॉक्स लगवाएं, जिसमें लड़कियां अपनी शिकायत डाल सकती हैं। बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रिंकी चौरसिया के सवाल के जवाब में पुलिस कप्तान ने कहा कि कानून ने कहा कि अगर सामने वाला आपको जान से मारना चाहता है और आपने बचाव में उसी की जान ले ली तो कुछ नहीं होगा। बीए तृतीय वर्ष के छात्र विनोद कुमार, बीएड के छात्र विनय पांडेय, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा श्रेया यादव आदि ने भी सवाल पूछे।



केएनपीजी कॉलेज में अमर उजाला की ओर से आयोजित अपराजिता पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं।

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

Fit India Movement



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

Road Safety Week

## गुरुजनों को नियमों का पढ़ाया गया पाठ, डिग्री कालेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

# ट्रैफिक नियम की दिलाई शपथ

**संकल्प**

**भदोही, संवाददाता।** शहर के रामरायपुर स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय में रविवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनपद भर के गुरुजनों को प्रशिक्षण देने के साथ ही यातायात नियमों के पालन को शपथ दिलाने का काम किया गया।

नोडल अफसर प्रो. मुरलीधर राम, केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला डिग्री कालेज के प्राचार्य डा. बृज किशोर त्रिपाठी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शारदा प्रसाद मिश्र ने मां सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्जलन करके शुरुआत की। आह्वान किया कि रात में 12 बजे से लेकर चार बजे भोर तक वाहन नहीं चलाना चाहिए। उस दौरान नींद अधिक आती है। यात्रिकर अधिकारी ने कहा कि भारत में सर्वाधिक सड़क हादसे होते हैं और उसमें उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। मानवीय भूल व नियमों का पालन न करना बड़ा कारण होता है।

हेलमेट, सील्ट बेट लगाने का आह्वान किया। बर्ड थे पार्टी पर गिफ्ट के रुप में हेलमेट देने की शुरुआत करें। ईयर फोन न लगाने, शराब का सेवन न करने की बात कही गई। इस मौके पर डा. विनोद कुमार मिश्र, डा. रीना सिंह, डा. लक्ष्मी यादव, डा. अनुज कुमार, डा. कामिनी वर्मा, डा. संतोष कुमार यादव, डा. सुनील पांडेय, रविंद्र कुमार मौर्य आदि रहे।



डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी डिग्री कालेज में रविवार को यातायात नियमों के पालन का शपथ लेते गुरुजन। ● हिन्दुस्तान

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**





गृह मंत्रालय, भारत सरकार
द्वारा प्रायोजित
जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत
जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन जागरूकता कार्यक्रम
(03/08/2019)

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

Rally, poster competition, speech, cleanness abhiyan in mahavidyalaya, hospital and other public place

# महिलाओं को दी पोषण व स्वास्थ्य की जानकारी

**ज्ञानपुर विकास खंड के गोपीपुर में आयोजित कार्यक्रम में 60 महिलाओं ने किया प्रतिभाग, जाना भोजन में मोटे अनाज का महत्व**

**जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही)** : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में डीबीटी स्टार कालेज स्कीम के सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत ग्रामीण महिलाओं को भोजन पोषण व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। सोमवार को ज्ञानपुर विकास खंड के गोपीपुर में आयोजित कार्यक्रम में 60 महिलाओं ने प्रतिभाग किया। प्राचार्य डा. पीएन डोंगरे ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समाज के साथ जुड़ने का मौका देते हैं। समाज के हर वर्ग के साथ जोड़ते हैं। डा. शुभा श्रीवास्तव ने जीवन को स्वस्थ रखने के लिए भोजन और पोषण की आवश्यकता को विस्तार से बताया। भोजन में मोटे अनाज की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। डा. रश्मि सिंह, डा. रत्नेश कुमार सोनी, डा. आकांक्षा कुशवाहा, डा. विपुल कुमार थे।



गोपीपुर में आयोजित जागरूकता गोष्ठी में बोलती महिला और मंचासीन केएनपीजी के प्राध्यापक। ग्रामीणों को भोजन,स्वास्थ्य व पुष्टाहार के बारे में जानकारी मिली। • जागरण

# K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

Training programme of mushroom production and Bakery





**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

# बाल विज्ञान कांग्रेस में निखरी विद्यार्थियों की प्रतिभा



वीएनजीआइसी में बाल कांग्रेस के दौरान चार्ट पेपर दिखाते बच्चे • जागरण

जासं, ज्ञानपुर (भदोही) : राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस परियोजना के तहत छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को विभूति नारायण राजकीय इंटर कालेज ज्ञानपुर में आयोजित जिला स्तरीय बाल कांग्रेस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने माडल व पोस्टरों के जरिए अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। दयावंती पुंज माडल स्कूल सीतामढ़ी के छात्र स्वयं प्रकाश तिवारी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल में शामिल काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डा. कमाल अहमद सिद्दीकी, डा. रश्मि सिंह सहित राजेंद्र प्रसाद यादव, मनोज कुमार विश्वकर्मा एवं जिला समन्वयक रामप्रताप सिंह के समक्ष अपने माडल व पोस्टर (चार्ट) प्रदर्शित किए। इसके पूर्व जीआईसी प्रधानाचार्य ने प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा मिलता है। अंत में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण पत्र

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

District Science Club

# मॉडलों में दिखी बाल मन की रचनात्मक सोच

## बाल वैज्ञानिकों का हुनर देख लोग रहे दंग, विद्यार्थियों ने बनाएं अनेक मॉडल

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : वैकल्पिक ऊर्जा के जरिए घर, मकान व कालोनी से लेकर अस्पताल एवं पार्क को रोशनी से चकाचौंध करते सोलर पैनल का माडल रहा हो या फिर रिमोट कंट्रोल से नाव संचालन, वर्षा जल संचयन के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अथवा किसी कार्य में उपयोग के बाद दूषित जल को पुनः शोधित कर उपयोग लायक बनाने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट व अन्य माडल। इसके जरिए बाल मन ने अपनी वैज्ञानिक व रचनात्मक सोच प्रदर्शित की।

लोग उनकी प्रतिभा देख दंग रह गए। मौका था बुधवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के निर्देश के क्रम में जिला विज्ञान क्लब भदोही के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) ज्ञानपुर में आयोजित नव प्रवर्तन प्रदर्शनी का। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने शुभारंभ किया। कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों सहित अन्य लोगों के अंदर छिपी प्रतिभा जहां निखरकर सामने आती है वहीं उनमें एक दूसरे से बेहतर करने की भावना भी जागृत होती है।

**प्रदर्शनी**

- प्रतियोगिताओं से सामने आती है प्रतिभाएं, बढ़ता है उत्साह
- जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में संपन्न हुआ आयोजन

मुख्य विकास अधिकारी हरिशंकर सिंह ने माडल प्रस्तुत करने वाले विद्यालयों के बच्चों का उत्साह बढ़ाया। क्लब के जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने प्रदर्शनी के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक चौरसिया, मानिकचंद पाल ने प्रदर्शनी के महत्व पर चर्चा की। रत्नेश पांडेय ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। निर्णायक मंडल में काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डा. कमाल अहमद सिद्दीकी व प्रवक्ता डा. रश्मि सिंह सहित डायट प्रवक्ता डा. राजेश पांडेय, माडलों का अवलोकन कर उनसे सवाल जवाब किए साथ ही मूल्यांकन किया।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीएम राजेंद्र प्रसाद • जागरण

World Hand Washing Day



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



6:19 AM

archana - Read-only

समितियों में से केवल दो में ही नाममात्र की डीएपी उपलब्ध है। इससे समितियों पर जाने वाले किसानों को खाली लौटना पड़ रहा है।

विभागीय आंकड़ों पर गौर करें तो आठ सौ एमटी डीएपी विभाग के गोदाम में उपलब्ध है, जिसे दो से तीन दिन में समितियों को भेजा जाएगा। एक रैक डीएपी मिर्जापुर में फंसी हुई है।

सामान्य हो जाएगी। उधर इससे किसानों में रोष है।

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष एके चौबे ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से हर साल बुवाई के समय खाद की किल्लत हो जाती है। विभाग पहले से ही सतर्क हो किसानों को परेशान न होना पड़े।



**नेहरू युवा केंद्र में भाषण में अव्वल आने वाली छात्रा अर्चना को प्रमाणपत्र देते डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी।**

# भाषण में आरती अव्वल, हुई पुरस्कृत

**ज्ञानपुर।** नेहरू युवा केंद्र कार्यालय पर बृहस्पतिवार को देश भक्ति एवं राष्ट्र निर्माण पर आयोजित जिलास्तरीय भाषण का आयोजन किया गया। इसमें अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि पर्यावरणविद् डॉ. कमाल अहमद सिद्दीकी ने प्रथम अर्चना तिवारी, द्वितीय श्रीष कुमार मौर्य और तृतीय रहीं लक्ष्मी सिंह को प्रमाणपत्र देकर पुरस्कृत किया। इसमें 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक मंडल में शामिल डॉ. आरके यादव, कमाल अहमद और उदयभान सिंह ने प्रतिभागियों के संवाद, वाकपटुता, प्रस्तुतीकरण के आधार पर अंक दिया। प्रथम पुरस्कार में पांच हजार, ट्राफी और प्रमाणपत्र, द्वितीय पुरस्कार दो हजार तृतीय एक हजार संग ट्राफी दिया गया। मौके पर अंजू राय, समर बहादुर, आरती पाल, अफसाना,



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**




कार्यालय
मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
GLOBAL DIABETES WALK
TAKING STEPS TO PREVENT DIABETES
WORLD DIABETES DAY
14 NOVEMBER 2018
AMAR UJALA FOUNDATION
NATIONAL HEALTH MISSION
WORLD DIABETES DAY 14 NOVEM
GLOBAL DIABETES
LK
TAKING STEPS TO PREVENT DIA
www.worlddiabetesfoundation.org
अमर उजाला

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



# K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.

*(Accredited B Grade by NAAC)*

Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi

**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद वीरेंद्र सिंह शिवशंकर गुप्ता आदि थे।

गोष्ठी राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कार्यक्रम, महिला दिवस पर डाला प्रकाश

# महिलाओं के उत्थान पर चला मंथन

जागरण संवाददाता, ज्ञानपुर (भदोही) : काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान पर मंथन किया गया। इस दौरान महिलाओं को सशक्त, आत्मनिर्भर व स्वस्थ बनाने आदि पर अपने विचार रखें।

रासेयों की वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कामिनी वर्मा ने महिला दिवस की ऐतिहासिकता पर प्रकाश डाला। बताया कि क्लारा जेटकिन ने 1910 में कामकाजी महिलाओं की बेहतर मजदूरी और मतदान के संदर्भ में एक अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में महिला दिवस मनाने का सुझाव दिया। तब से इसका आयोजन हो रहा है। प्राचार्य डॉ पी.एन डोंगरे ने कहा कि स्त्री-पुरुष के आपसी सद्भाव से बेहतर समाज व देश का निर्माण किया जा सकता हैं। मुख्य वक्ता डॉ. मंजुल गुप्ता ने नारी सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को स्वस्थ रहना आवश्यक बताया। डॉ. मनीषा ने घरेलू नुस्खों का प्रयोग करके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने की जानकारी दी। डॉ. विष्णुकांत ने राष्ट्र की प्रगति के लिए नारी का सशक्त एवं आत्मनिर्भर होने की आवश्यक बताई। डॉ. जितेंद्र सिंह नौलखा ने राष्ट्र की उन्नति में नारी सम्मान पर बल दिया। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने भी विचार रखें। डॉ घनश्याम मिश्रा, डॉ. अभिमन्यु, डॉ मोनिका, डॉ. विनय मिश्र डॉ अंजना, आदर्श तिवारी, नीरज सिंह आदि थे।



केएनपीजी कॉलेज में महिला दिवस के कार्यक्रम में बोलतीं डा. कामिनी वर्मा • जागरण

पीएम किस
निधि की दू
जासं, सुरियावां/अ
किसान सम्मान नि
लिए छह सौ आवे
किया गया। विका
में कृषि विभाग के
से वंचित लोगों क
आसार बढ़ गया है
के लिए कैंप में कि
कंप्यूटर सिस्टम से
से आए अधिकारी
छह सौ से अधिक
दूर किया। उप निदे
सिंह, डीडीओ/बी
त्रिपाठी, सूरज कुम
सिंह व सिद्धनाथ अ
औराई विकास खं
लगाया गया। जिस
आधार फिडिंग औ
गड़बड़ी को दूर क
विभाग और लेखपा
में त्रुटि सुधार की
करीब 150 किसानों
कराया।

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

# जनसंख्या वृद्धि सबसे बड़ी समस्या

## विश्व जनसंख्या दिवस के मौके पर निकाली जागरूकता रैली

**अमर उजाला ब्यूरो**

**ज्ञानपुर।** विश्व जनसंख्या दिवस पर बुधवार को केएनपीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रदीप नारायण डोंगरे के नेतृत्व में रैली निकाली गई। इसमें जनसंख्या नियंत्रण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। जागरूकता संबोधन में उन्होंने कहा कि जनसंख्या वृद्धि वर्तमान समय की सबसे बड़ी समस्या है। देश को विकास के शिखर पर पहुंचाने के लिए जनसंख्या नियंत्रण बहुत जरूरी है। बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि से होने वाली समस्याओं से देश के प्रत्येक नागरिकों को जागरूक होने की जरूरत है। व्यापक स्तर पर जागरूकता के माध्यम से ही जनसंख्या नियंत्रण पर काबू पाया जा सकता है। इस दौरान प्रशिक्षुओं ने महाविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं को जनसंख्या नियंत्रण के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ. शुभा श्रीवास्तव, डॉ. कमाल अहमद, अजय सोनकर, सर्वेशानंद लोकपति त्रिपाठी, सुधीर कुमार रंजन, जय सिंह यादव, मोनिका सरोज, संजय कुमार, मंजुला गुप्ता, संतोष आर्या आदि मौजूद रहे।




विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जागरूकता रैली निकालते केएनपीजी के प्राचार्य और छात्र छात्राएं।

← 12 / 7 / 2018 6

**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**



**K. N. Government P. G. College, Gyanpur, Bhadohi-221304, U.P.**
*(Accredited B Grade by NAAC)*
Affiliated to Mahatma Gandhi Kashi Vidhyapeeth, Varanasi
**Email:kngpggyn@gmail.com** **website: www.kngpgc.ac.in**

---

उपस्थित रहा। इश्वरचंद्र आद माजूद रह। ब्यूरा सिह माजूद रह। ब्यूरा

# विज्ञान प्रदर्शनी में होनहारों ने दिखाई प्रतिभा

अमर उजाला ब्यूरो

**सुरियावां।** जिला विज्ञान क्लब के पाचवें चरण में शुक्रवार को बीआरसी सुरियावां में विज्ञान प्रदर्शनी एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक व्याख्यान, निबंध एवं प्रदर्शनी प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी।

मुख्य अतिथि केएनपीजी के प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे ने शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजन की सराहना की और बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। केएनपीजी की प्रवक्ता डॉ. रश्मि सिंह, मानिक चंद्र पाल और रत्नेश कुमार पांडेय ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। डॉ. रश्मि सिंह ने भारतीय वैज्ञानिकों के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी। मौके पर राजेश पांडेय, बीईओ रजनीश श्रीवास्तव, संतोष कुमार सिंह, विनय कुमार पांडेय आदि रहे।



जिला विज्ञान क्लब की ओर से बीआरसी सुरियावां में आयोजित विज्ञान गोष्ठी में पुरस्कृत बच्चे और अतिथिगण।

## व्याख्यान में संजना पाल और निबंध में दीपिका अव्वल

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोछियां प्रथम, गोदमा और भिखारी रामपुर संयुक्त रूप से द्वितीय जबकि चकबनवारी तृतीय स्थान पर रहे। व्याख्यान में संजना पाल प्रथम, नेहा द्वितीय और हर्ष मिश्रा तृतीय रहे। निबंध में दीपिका, विकेक और नेहा क्रमशः प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। मौके पर सुभाष चंद पाल, अमृत लाल, राजकुमार, संजीत, रामचंद्र, कृष्णानंद आदि रहे।

**Dr. P. N. Dongre**
Principal
PRINCIPAL
K.N. Govt. P.G. College
Gyanpur (Bhadohi)-221304

Kalpana
Coordinator-IQAC
K.N.Govt.P.G.College
Gyanpur, Bhadohi-221304